# हाउसिंग बोर्ड के मकानों की बुकिंग कल से होगी शुरू

## खजूरी हाउसिंग प्रोजेक्ट में 3 बीएचके-4बीएचके के 147 डुप्लेक्स और ट्रिप्लेक्स घर

- कीमत 80 लाख से स्टार्ट
- जम्बूरी मैदान के पास पिपलानी-रायसेन 4लेन पर बन रहा प्रोजेक्ट



**भोपाल. हाउसिंग बोर्ड अवधपुरी में अपने 'खजूरी हाउसिंग प्रोजेक्ट' में डुप्लेक्स और ट्रिप्लेक्स मकानों की बुकिंग आज से शुरू करेगा. जम्बूरी मैदान के पास स्थित इस प्रोजेक्ट के बारे में सबसे ज्यादा पूछताछ होती रही है. पिपलानी-रायसेन 4 लेन पर बने इस प्रोजेक्ट में कुल 147 मकान हैं. इसमें 3 बीएचके के 77 डुप्लेक्स, 48 ट्रिप्लेक्स 3बीएचके और 22 ट्रिप्लेक्स 4 बीएचके के हैं.**

आज से पहले चरण में 77 डुप्लेक्स एचआईजी मकानों की बुकिंग शुरू होगी. इनका प्लॉट साइज 1050 स्क्वायर फीट है. इस बार बोर्ड ई-ऑफर से अपने मकान बेच रहा है. ई-ऑफर के लिए शुरुआती कीमत 79.54 लाख रुपये है. सबसे ज्यादा बोली लगाने वाले को ये मकान अलॉट होगा. mponline के माध्यम से इसकी बुकिंग होगी.

### 6 महीने में मिल जाएगा पजेशन, प्रोजेक्ट 70 प्रतिशत पूरा

हाउसिंग बोर्ड मकान अलॉट होने के 6 महीने के अंदर घरों का पजेशन भी दे देगा. यह प्रोजेक्ट 70 से 80 फीसदी पूरा हो चुका है. मकान अलॉट होने के बाद भुगतान के लिए 6 महीने का समय और 3 से 4 किस्तों की सुविधा रहेगी. बुकिंग के लिए मकान के बेस प्राइज का 15 फीसदी बुकिंग के समय देकर फॉर्म भरना रहेगा. सभी प्रक्रिया ऑनलाइन रखी गयी है.

### इस प्रोजेक्ट में 3 तरह के मकान

एचआईजी डुप्लेक्स - 77 मकान - 1050 स्कॉवयर फीट - 79.54 लाख से शुरू
एचआईजी ट्रिप्लेक्स - 48 मकान - 1100 स्कॉवयर फीट - 89.20 लाख से शुरू
एचआईजी ट्रिप्लेक्स - 22 मकान - 1250 स्कॉवयर फीट - 99.73 लाख से शुरू

मंडल से इस प्रोजेक्ट के बारे में सबसे ज्यादा पूछताछ होती रही है. प्राइम लोकेशन पर स्थित यह प्रोजेक्ट एमपीनगर, आरकेएमपी स्टेशन और एम्स से 7 किमी के अंदर है. पिपलानी-रायसेन 4 लेन से इस प्रोजेक्ट में एंट्री है. इसके सामने भेल का सैकड़ों एकड़ का वन है, जो आजीवन ऑक्सीजन टैंक का काम करेगा. लिहाजा पीसफुल लाइफ के लिए यह बेस्ट प्रोजेक्ट है.

**एमके साहू**, डिप्टी हाउसिंग कमिश्नर, भोपाल

### 26 एकड़ में ये प्रोजेक्ट, तीसरे चरण में फ्लैट भी आएंगे

खजूरीकलां, अवधपुरी में स्थित यह हाउसिंग प्रोजेक्ट 26 एकड़ में फैला है. इसके पहले चरण में 142 प्लॉट बेचे गये थे. दूसरे चरण में 147 डुप्लेक्स और ट्रिप्लेक्स मकान बेचे जाएंगे. तीसरे चरण में 8 एकड़ में मल्टीस्टोरी में फ्लैट का प्रोजेक्ट आ रहा है. इसकी भी टेंडर प्रक्रिया चल रही है.

# रेलवे कार्यालयों में स्वच्छता के लिए विशेष अभियान 5.0 की तैयारी

**भोपाल, 25 सितम्बर. भारत सरकार द्वारा विशेष अभियान 5.0 शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता को बढ़ावा देना और लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करना है.**

यह अभियान आधिकारिक रूप से 2 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ होगा, जबकि 15 सितम्बर से इसकी प्रारंभिक गतिविधियाँ आरंभ हो चुकी हैं. इस राष्ट्रीय पहल के अनुरूप रेल मंत्रालय ने पूरे भारतीय रेल नेटवर्क पर अभियान को पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ लागू करने की तैयारी कर ली है. कई रेलवे स्टेशनों और मंत्रालय कार्यालयों में स्वच्छता अभियान पहले से ही जारी है. रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सहित वरिष्ठ अधिकारी नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से इसकी निगरानी कर रहे हैं. विशेष ध्यान वाले क्षेत्र अभियान के दौरान भारतीय रेलवे ने निम्न प्रमुख बिंदुओं पर जोर देने की योजना बनाई है. जन सामान्य की भागीदारी बढ़ाने के लिए रेलवे स्टेशनों पर 'रेल चौपाल' और 105 अमृत भारत स्टेशनों पर 'अमृत संवाद' जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. रेल मंत्रालय का लक्ष्य है कि यह विशेष अभियान केवल प्रतीकात्मक न होकर सार्थक और मापनीय परिणाम प्रदान करे. स्वच्छता को संस्थागत रूप देने के लिए मंत्रालय ने सभी इकाइयों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं.

## ईरानी डेरे में संदिग्ध की तलाश में पहुंची पुलिस

**भोपाल.** राजधानी में छत्तीसगढ़ पुलिस ने गुरुवार को ईरानी डेरे में एक संदिग्ध की तलाश में उसके घर पहुंची. सूत्रों के हवाले से जानकारी सामने आई है कि संदिग्ध का स्थानीय लोगों से सपोर्ट करते हुए इलाके से उसे बाहर भेजा दिया. इस दौरान विवाद की स्थिति भी बनी थी, जिसे पुलिस ने कंट्रोल कर लिया. आरोपी के इलाके से बाहर जाने के चलते पुलिस को खाली हाथ ही वापस लौटना पड़ा. जानकारी सामने आई है कि शहर के करोंद क्षेत्र स्थित ईरानी डेरे का रहने वाला एक व्यक्ति की भूमिका छत्तीसगढ़ की एक घटना में संदिग्ध है. छत्तीसगढ़ पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध को पकड़ने गई थी. संदिग्ध का निवास भोपाल में होने की जानकारी मिलने पर छत्तीसगढ़ की पुलिस निशातपुरा पुलिस के साथ उसके घर पहुंची. भोपाल की पुलिस ने संदिग्ध से पूछताछ को लेकर छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ देते हुए यहां पहुंची थी.

## पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर पौधरोपण

**भोपाल, 25 सितम्बर. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद तथा उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भगवानदास सबनानी के साथ गुरुवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती अवसर पर पौधरोपण किया.**



यह कार्यक्रम दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र स्थित नमो उपवन (भदभदा सेतु, ज्यूडिशियल अकादमी के पास) पर 'बगिया माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया. इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत, महापौर मालती राय, जिला प्रभारी महेन्द्र यादव, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यती, मंडल अध्यक्ष हेमंत बड़गैया, जोन अध्यक्ष एवं पार्षद आरती राजू अनेजा, राजकुमारी शर्मा, सुमन वर्मा, लीलेन्द्र मारण, राकेश जैन, प्रमोद पोलघंटलवार, विकास शर्मा, विकास गौतम मौजूद रहे. पौधरोपण कार्यक्रम के माध्यम से नेताओं ने संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण, हरित क्रांति और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता ही दीनदयाल उपाध्याय जी की विचारधारा को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है.

### बीयू में पीएचडी प्रवेश के लिए नोटिफिकेशन जारी

**भोपाल.** पीएचडी में एडमिशन के लिए सभी विषयों के परिणाम बीयू ने घोषित कर दिए हैं, जो कि रिसर्च एकेडमिक कमेटी द्वारा इंटरव्यू के बाद ये परिणाम जारी किए गए हैं. फ़िलहाल इनके कोर्स वर्क की तैयारी की जा रही है. जानकारी के अनुसार जल्द ही इसका शेड्यूल जारी किया जाएगा. वहीं अक्टूबर माह से ये कोर्स वर्क कराए जाएंगे, जिसके लिए छात्रों को तय सेंटर पर नियमित रूप से जाकर कक्षाएं अटेंड करनी होंगी. इसके परिणाम में उत्तीर्ण होने के बाद उम्मीदवार आरडीसी के लिए पात्र होंगे और रजिस्ट्रेशन के बाद शोध का कार्य शुरू प्रारंभ कर सकेंगे.


**पश्चिम रेलवे के लिए सोशल मीडिया प्रबंधन एवं मीडिया विश्लेषण सेवाओं हेतु एजेंसी का चयन**

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, खुले बाजार से इच्छुक एजेंसियों से निर्धारित आवेदन पत्र पर आवेदन आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| आवेदन पत्र संख्या और दिनांक | पश्चिम रेलवे-मुख्यालयओपीआर(पीआरएसएम)/2/2025, दिनांक 26/09/2025 |
| सेवा/कार्य का पूरा नाम | पश्चिम रेलवे के लिए सोशल मीडिया प्रबंधन एवं मीडिया विश्लेषण सेवाओं हेतु एजेंसी का चयन (दो वर्षों के लिए) |
| सेवा/कार्य की अनुमानित कुल लागत | प्रति वर्ष लागत - 4,08,51,600/- (चार करोड़ आठ लाख इक्यावन हजार छह सौ रुपये मात्र) (लागू जीएसटी सहित)<br>दो वर्षों के लिए लागत - 8,17,03,200/- (आठ करोड़ सत्रह लाख तीन हजार दो सौ रुपये मात्र) (लागू जीएसटी सहित) |
| बयाना राशि | 5,58,520/- (पाँच लाख अट्ठावन हजार पाँच सौ बीस रुपये मात्र) |
| आवेदन पत्र की लागत (वापसी योग्य नहीं) | 11,800/- (लागू जीएसटी सहित) (ग्यारह हजार आठ रुपये) रेलवे काउंटर से नकद या वेबसाइट से डाउनलोड करने पर - डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर प्रधान वित्तीय सलाहकार, पश्चिम रेलवे, चर्चगेट, मुंबई के पक्ष में (यदि आवेदन पत्र डाक द्वारा आवश्यक हो तो 500/- अतिरिक्त शुल्क) लिया जाएगा) |
| पश्चिम रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड करने/जनसंपर्क कार्यालय से खरीदने की अंतिम तिथि | 17/10/2025 को दोपहर 1:00 बजे तक |
| आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि/समय | 17/10/2025 को दोपहर 1:00 बजे तक |
| आवेदन खुलने की तिथि और समय | 17/10/2025 को दोपहर 1:30 बजे से |
| आवेदन जमा करने और आवेदन खोलने का स्थान | सीपीआरओ कार्यालय, तृतीय तल, चर्चगेट स्टेशन भवन, पश्चिम रेलवे मुख्यालय, मुंबई-400020। |
| वेबसाइट का विवरण जहाँ से आवेदन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है, चयन प्रक्रिया और नियम व शर्तें आदि | wr.indianrailways.gov.in |

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: x.com/WesternRly



In The Court Of I Additional District and Session Judge, Tehshil Court, Itarsi District Hoshangabad
Presiding Officer: श्रीमती अनीता खजुरिया
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS HM /00000078/2025)
सोनल गुप्ता .............वादी
Vs
प्रतोष गुप्ता ...............प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दिनांक - 16/10/2025

प्रेषिती- (1) प्रतोष गुप्ता पिता स्व. विदोष गुप्ता पता - धंधा लाजिस्टिक कोल होल सेलर व इव्हीकल शोरूम निवासी डी 3 रॉयल रेसीडेंसी शाहपुरा थाने के पीछे भोपाल शाहपुरा थाने के पीछे भोपाल जिला भोपाल.

यह कि प्रार्थी सोनल गुप्ता ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 13 अ हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के लिये वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 18 September 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

न्यायाधीश
**अनीता खजुरिया**
प्रथम जिला न्यायाधीश
इटारसी, जिला नर्मदापुरम म.प्र.

**टिप्पणी-** आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 13 हिन्दु विवाह अधिनियम 1955
कृपया ध्यान दें - 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।



